सार-समाचार

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा

ब्यावर (निसं)। सीता देवी जाजू एवं स्मृतिशेष जयनारायन जाजू की पुण्य स्मृति में ओमप्रकाश, रामावतार, श्यामसुंदर, प्रेमप्रकाश, दिलीप कुमार जी जाजू द्वारा स्मृतिशेष पिताजी पं. श्यामलाल शर्मा- स्मृति शेष माताजी कैलाशवती देवी शर्मा की पुण्यस्मृति में शोभा शर्मा- बीएल शर्मा ब्यावर- जयपुर द्वारा तथाविकास मंडल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन व सामान्य चिकित्सा सप्ताह का 1178 वा आयोजन हुआ। 17 सितंबर कोपूनम हॉस्पिटल में 36 मरीज़ों के नेत्र लेन्स प्रत्यारोपण ऑपरेशन किये गये। जिसमें से 07 मरीजों के फेंको मशीन द्वारा नेत्र लेन्स प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए गए। दीपक प्रज्वलन रमेश चन्द शर्मा द्वारा दीपक प्रज्वलन किया गया । 20 सितंबर को अश्विनी हॉस्पिटल में 16 मरीज़ों के नेत्र लेन्स प्रत्यारोपण ऑपरेशन किये गये। इस सप्ताह में कुल 52 मरीज़ों के नेत्र लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन विकास मण्डल ट्रस्ट द्वारा किये गये।आउट्डोर में इस सप्ताह में 334 नेत्र रोगियों को नि:शुल्क परामर्श व जाँच की गई तथा आवश्यक रोगियों को दवा भी पूर्णतया नि:शुल्क दी गई। होम्योपैथिक मेंअश्विनी हॉस्पिटल में डॉक्टर सुभाष गुप्ता द्वारा 908 रोगियों को इस सप्ताह पूर्णतया नि:शुल्क परामर्श व दवाइयाँ भी देकर चिकित्सा की गई ।विकास मंडल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन व सामान्य चिकित्सा सप्ताह के 1178 वे आयोजन में 18 सितंबर को पूनम हॉस्पिटल में तथा 21सितंबर को अश्विनी हॉस्पिटल में श्यामसुन्दर जाजू, दिलीप कुमार जाजू, रमेशचन्द शर्मा, मनीष दरक, प्रभात राग्री व विकास मण्डल ट्रस्ट अध्यक्ष महावीर लोढ़ा, उपाध्यक्ष नोरतमल माहेश्वरी, ट्रस्टी रमेशचन्द लोढ़ा (हैदराबाद), ट्रस्टी मुरलीधर शर्मा, ट्रस्टी पूनमचन्द गुप्ता, संरक्षक अनिल मित्तल,नारी जन जागृति संस्थान की अध्यक्षा ममता गुप्ता द्वारा सभी मरीज़ों को 45 दिन की दवा व चश्मा वितरण करके रिलीव किया गया । जाजू परिवार तथा बी.एल. शर्मा परिवार ब्यावर- जयपुर द्वारा ज़रूरतमंद ,असहाय,पीड़ित मानवता की सेवा का यह कार्य सभी के लिये प्रेरणादायी व प्रशंसनीय है।

शारदीय नवरात्रि पर यक्षिणी माता मंदिर में घट स्थापना

भीलवाड़ा (निसं)। जिले के मांडल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कस्बे में स्थित यक्षिणी माता मंदिर में विधि-विधान के साथ घट स्थापना की गई। मां यक्षिणी सेवा समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल सारस्वत ने बताया कि आचार्य जितेंद्र दाधीच के सानिध्य में सात पंडितों द्वारा दुर्गा सप्तमी का पाठ प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर सरपंच संजय भंडिया, भोपाजी भारमल माली पूर्व अध्यक्ष जगदीश बैरवा, गांव पटेल जगदीश चंद्र चौधरी, कन्हैया लाल राव प्रवीण पटवारी, सुरेश पारीक, ओम सारस्वत, दुर्गेश सेन, श्री राम व्यायाम शाला के उस्ताद चंदू जोशी, सुनील सोनी विनोद सोनी, अजय लड्ढा, सुशील टेलर, शिव तेली, शंभू सोनी, अनिल सेन, कुलदीप व्यास, राकेश सारस्वत, भंवर माली, भैरू माली, किशन जाट भजन गायक कान्हा गिरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मां यक्षिणी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

पूर्व मुख्यमंत्री का माली सैनी समाज ने स्वागत किया

बिजयनगर (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सोमवार को बिजयनगर आगमन पर माली सैनी समाज के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया । माली सेनी समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के सदस्य मंगल प्रसाद चौहान, ओम प्रकाश माली, हरीप्रसाद सैनी, दौलत गहलोत, अभिषेक सैनी, संजय महावर, मुकेश सैनी, राहुल सैनी, रमेश बिदा राजू सैनी सहित बड़ी संख्या में माली सैनी समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह का समापन

अजमेर(कासं)। नसीराबाद स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गत 8 सितंबर से शुरू हुए प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह कार्यक्रम का औपचारिक समापन समारोह का आज पूर्व विद्यालय प्राचार्य आर सी मीना द्वारा किया गया। सीपीडी प्रभारी दीपक वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण एवं विकास हमारे जीवन में निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, प्रशिक्षण सप्ताह का यह औपचारिक समापन है। विद्यालय में समय-समय पर ऐसी कार्यशालाएं आयोजित करता आ रहा है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय थाना नसीराबाद के कांस्टेबल शंकर लाल चौधरी एवं हेडकांस्टेबल श्रीराम चौधरी ने साइबर अपराधों से बचाव, चक्षु पोर्टल, 1930 हेल्पलाइन नंबर तथा विभिन्न सुरक्षित सरकारी पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सोशल मीडिया के प्रयोग में सदैव सतर्क रहने की सलाह दी।

संकल्प से सिद्धि तक का आध्यात्मिक सफर पूर्ण

भीलवाड़ा (निसं)। महासाध्वी मण्डल से प्रेरणा मिली तो बच्चों से लेकर बुर्जुगों तक ने संकल्प लिया था महामंगलकारी अनुष्ठान में शामिल होकर चौबीस घंटे में तीर्थंकर अरिष्टनेमी भगवान की 180 माला ओर तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान की 100 माला फेरनी है। कई भक्तों को लग रहा था कि इतने कम समय में इतनी माला कैसे पूरी होगी। संकल्प मजबूत रहा तो आध्यात्मिक सफर भी आगे बढ़ता गया ओर सफलतापूर्वक 280 मालाएं गिनते हुए पूर्णाहुति होने पर संकल्प सिद्धि में बदल गया। संकल्प से सिद्धि तक के इस मंगलकारी आध्यात्मिक सफर का नजारा सोमवार को विश्व शांति एवं जन कल्याण की मंगलकामना से अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. आदि ग्रणा के सानिध्य में आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति भीलवाड़ा द्वारा श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति सुभाषनगर के तत्वावधान में तथा राष्ट्रीय महामंगलकारी अनुष्ठान समिति के प्रायोजन में चौबीस घंटे का भगवान श्री अरिष्टनेमी श्री पार्श्वनाथ महामंगलकारी अनुष्ठान के पूर्णाहुति के अवसर पर नजर आया। सोमवार सुबह जाप की पूर्णाहुति से पहले पूरी रात अनुष्ठान पांडाल में हर उम्र वर्ग के श्रावक श्राविका नींद की परवाह किए बिना माला पूर्ण करने में जुटे रहे। कई श्रावक श्राविकाएं पूरी रात हाथ में रूद्राक्ष की माला लिए पार्श्वनाथ भगवान का नाम लेते नजर आए। जो माला पूर्ण होने के बाद रात में घर चले गए थे वह भी सुबह 5 बजे बाद फिर से पांडाल में लौट आए। महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में पूर्णतया जैन विधि से हुए नि:शुल्क महामंगलकारी अनुष्ठान पूर्णाहुति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल थे जबकि अध्यक्षता मुंबई से आए सीए दिलीप नाबेड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष सुशीलकुमार डांगी थे। सांसद अग्रवाल ने साध्वी मण्डल के प्रति मंगलभावाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन पूरे शहर के वातावरण को पवित्र एवं पावन बनाते है। अनुष्ठान में शामिल साधकों के 280 माला पूर्ण होने के बाद पूर्णाहुति कार्यक्रम में स्वर साम्राज्ञी महाप्रज्ञाजी म.सा. द्वारा अनुष्ठान स्त्रोत पाठ किया गया। इसके बाद वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने संकल्प विधि कराई। साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने आध्यात्मिक अनुष्ठान सफलतापूर्वक सम्पन्न करने वाले सभी श्रावक श्राविकाओं के लिए मंगलभावनाएं व्यक्त की। उन्होंने साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. को उनके जन्मदिवस के अवसर पर बधाई एवं मंगलकामनाएं दी। महामंगलकारी अनुष्ठान को सफल बनाने एवं चातुर्मास में सेवाएं दे रहे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का भी राष्ट्रीय महामंगलकारी अनुष्ठान समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा अनुष्ठान आयोजन के लिए राष्ट्रीय महामंगलकारी अनुष्ठान समिति के अध्यक्ष नेमीचंद धाकड़,महामंत्री सुनील बोहरा, कोषाध्यक्ष अशोक श्रीश्रीमाल, उपाध्यक्ष संतोष गुगळे,सोहन कोठीफोड़ा का स्वागत किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी, पार्षद ओम पाराशर आदि का भी स्वागत किया गया। इस अनुष्ठान में शामिल होने के लिए मुंबई,पूना,बेंगलूरू,जयपुर, चैन्नई, हैदराबाद, नासिक, उदयपुर, कोटा, बिजयनगर सहित देश के विभिन्न स्थानों से सैकड़ो श्रावक-श्राविकाएं भीलवाड़ा पहुंचे थे।

लेपर्ड आबादी में घुसा

डूंगरपुर । शहर के घाटी दरवाजे के ऊपर लेपर्ड खडा था और नीचे से बाइक सवार गुजरते रहे थे। यह देख दरवाजे से दूर खडे लोग चिल्लाते हुए वाहन चालकों को दूर जाने की नसीहत दे रहे थे। शोर सुनकर एक बार लेपर्ड भी खडा होकर सबको घूरने लगा। घटना रविवार देर शाम की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।शहर के घाटी दरवाजे के ऊपर लेपर्ड चहलकदमी करता नजर आया। घाटी मोहल्ले से सारणेश्वर मंदिर रोड पर घाटी का पुराना दरवाजा है।

शुभ मुहूर्त में घरों में हुई घट स्थापना, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

अजमेर (कासं)। शारदीय नवरात्र पर सोमवार को शहर सहित जिले भर के मंदिर अम्बे माता के जयकारों 'या देवी सर्व भूतेषु..,' 'नमो नमो दुर्गे सुख करनी..' मंत्रों से गूंज उठे। शुभ मुर्हूत में श्रद्धालुओं ने घरों-मंदिरों में घट स्थापना की। इस बार माता रानी गज पर सवार होकर आई। विधि-विधान से प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया। वरुण सागर रोड स्थित प्राचीन चामुंडा माता मंदिर व बजरंगगढ़ अंबे माता मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही, लोगों ने माता के दर्शन कर देश-दुनिया व घर परिवार में सुख-शांति की मंगल प्रार्थना की।

घरों में हुई घट स्थापना, माता की भक्ति में रमे श्रद्धालु: शारदीय नवरात्र का पर्व आश्विन मास की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है। इस बार मां दुर्गा हाथी पर विराजमान होकर आई, हाथी को धन, समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है, यह बृहस्पति देव का वाहन है, जो ज्ञान और समृद्धि दोनों प्रदान करते है। सर्वार्थ सिद्धि योग में श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में घट स्थापना की गई। प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री को लाल चुनरी, पुष्प, रोली-मोली, फल, श्रीफल चढ़ाने के साथ-साथ मिष्ठान का भोग लगाया और आरती की। शहर के प्रमुख बंगाली धर्मशाला, वैशाली नगर, पंचशील, शास्त्री नगर, खाईलैंड मार्केट, आदर्श नगर, मदार, नसीराबाद रोड, कायड़, वरुण सागर रोड, पुष्कर रोड सहित विभिन्न मंदिरों में माता का पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने दुर्गासप्तशती, रामचरितमानस का पाठ किया, कई जगह अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। **माता मंदिरों में गूंजे जयकारे:** वरुण सागर रोड स्थित पृथ्वीराज चौहान की कुलदेवी मां चामुंड के प्राचीन मंदिर, मेहन्दी खोला माता मंदिर, बजरंगढ़ अम्बे माता मंदिर, नौसर घाटी स्थित नौसर माता सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

निगम का दशहरा महोत्सव शुरू: नगर निगम की ओर से आयोजित दशहरा महोत्सव का शुभारंभ आजाद पार्क में सोमवार को सुबह साढ़े 11 बजे मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना के साथ हुआ। मूर्ति स्थापना के अवसर पर मेयर बृजलता हाड़ा ने पूजा अर्चना की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नगर निगम की ओर से आयोजित घट स्थापना में मां दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस मौके पर डिप्टी मेयर नीरज जैन सहित निगम के पार्षद व अधिकारी उपस्थित रहे। मेयर बृजलता हाड़ा ने बताया गया कि 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक दशहरा मेला 2025 के तहत विविध कार्यक्रम होंगे। रामलीला मंचन सूचना केंद्र के ओपन थियेटर में सोमवार शाम 7:30 बजे से शुरू हुआ। वृंदावन से आई तेजपाल भारद्वाज मंडली के कलाकार प्रतिदिन रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंग प्रस्तुत करेंगे। दर्शकों से प्रतिदिन एक प्रश्न पूछा जाएगा, जिसका सही उत्तर देने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। डिप्टी मेयर जैन ने बताया कि गरबा महोत्सव आजाद पार्क में शाम 6:30 बजे से शुरू होगा, इसमें ग्रुप डांस प्रतियोगिताएं और थीम आधारित कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन मिस्टर व मिस गरबा, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट ठ्रुप जैसी श्रेणियों में दस लोगों को पुरस्कृत होंगे। 2 अक्टूबर को शाम 4 बजे नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग से रामबारात निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पटेल मैदान पहुंचेगी।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के जुलूस में सजी झांकियों ने मोहा मन

अजमेर (कासं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के मौके पर सोमवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के स्वागत में समाज बंधुओं द्वारा मार्ग पर जगह-जगह तोरण द्वार बनाए, अग्रसेनजी की आरती तथा मंच से इत्र व फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान अल्पाहार जल व पेय पदार्थ आदि का वितरण भी किया गया। अग्रसेन जयंती महोत्सव के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी एवं शिव शंकर फतहपुरिया ने बताया कि सोमवार को दोहपर 4 बजे ब्लू केसल स्थित श्री राम बलदेव बद्रीप्रसाद गोयल ट्रस्ट धर्मशाला के बाहर समाज के प्रमुख बंधुओं द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ जुलूस प्रारंभ हुआ, शोभा यात्रा में ऊँट, घोड़े, बग्घी, बैंड बाजे, अजमेर व नासिक के ढोल इत्यादि भी शामिल थे, जुलूस में आगे डीजे के साथ अग्रबंधु अग्रसेन जी के भजन गाते हुए चल रहे थे इसके पीछे देवी देवताओं की झांकियां बैंड बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ चल रही थी।

जुलूस सीताराम बाजार केसरगंज से प्रारंभ होकर दयानंद मार्केट, पड़ाव सिनेमा रोड, क्लॉक टावर, मदार गेट, गांधी भवन, चूड़ी बाजार, पुरानी मंडी, गोल प्याऊ, नया बाजार, आगरा गेट होता हुआ अग्रसेन नगर पहुंचा, जहां मोहल्ले वालों द्वारा अग्रसेन जी पूजा अर्चना के साथ जुलूस का समापन हुआ।

अजमेर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के मौके पर सोमवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई।

झांकियों ने मोहा मन: झाकियों में लक्ष्मी जी की श्री नाथ जी की, गणेश जी, माताजी, राधा कृष्ण, विष्णु अवतार, रामलला, लड्डू गोपाल, शिव पार्वती, हनुमान जी, नरसिंह अवतार, अग्रसेन जी व सांवरिया सेठ की झांकी प्रमुख थी इनके पीछे महाराजा अग्रसेन जी का रथ अग्रबंधु हाथों से खीच कर चला रहे थे, सैकड़ों जगह समाज के लोगों ने अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की, सभी को प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। जुलूस में अध्यक्ष सीताराम गोयल, सचिव गोपाल गोयल काँच वाले, अग्रसेन जयन्ती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी, शिव शंकर फतहपुरिया, लोकेश अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, विष्णु मंगल, दिनेश प्रणामी, राकेश हटूका व राजेंद्र अग्रवाल तथा शंकरलाल बंसल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मातृ शक्ति, युवा व बच्चे शामिल रहे।

शोभायात्रा में आस्था का सैलाब

मदनगंज-किशनगढ़,(निसं)। अग्रवाल समाज संस्था की और से अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।शोभायात्रा में घोड़ी की बोली समाजसेवी राघव गर्ग, छतर की बोली मनोहरलाल, संजय अग्रवाल, चंवर का सौभाग्य ओमप्रकाश अग्रवाल को मिला। अग्रसेन भवन से शुरू शोभायात्रा में नयनाभिराम झांकिया, कलश यात्रा, ऊंट घोड़े, बेंड, ढोल शहनाई आकर्षण का केंद्र रही। वही समाज बंधु भजन कीर्तन के साथ जयकारे से शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। मुख्य मार्गो पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनन्दन किया। शोभायात्रा टाक पेट्रोल पंप, कटला बाजार, पुरानी मिल चौराहा, सुमेर टॉकीज होते हुए सिटी रोड स्थित अग्रवाल कन्या पाठशाला में सम्पन्न हुई। प्रमुख समाजसेवी स्व. मांगीलाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में शिमला देवी, कार्तिकेय, उत्कर्ष अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा हेतु वाटर कूलर विद्यालय को भेंट किया। इस दौरान अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल, महासचिव प्रदीप अग्रवाल, श्रीगोपाल गोयल, विजय गोयल, सुनील अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अशोक गोयल, संयोजक अमित अग्रवाल, विनोद बंसल सहित बड़ी संख्या में अग्र बंधु व महिलाएं मौजूद रही।

किसानों को अच्छी गुणवत्ता के कृषि आदानों की उपलब्धता कराना प्राथमिकता

■ आहरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए निरीक्षकों द्वारा नमूने राज क्यूसी एग्री एप के माध्यम से ऑनलाईन किया जायेगा

भीलवाड़ा(निसं)। कृषि आयुक्तालय जयपुर के दिशा निर्देशानुसार जिले में कृषकों को अच्छी गुणवत्ता के कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये रबी मौसम पूर्व सघन गुण नियन्त्रण अभियान 23 सितम्बर से 15 नवम्बर तक चलाया जायेगा। जिसके तहत कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से नमूने लिये जायेगे एवं गोदामों का सघन निरीक्षण किया जायेगा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि गुण नियंत्रण अभियान के तहत उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी रसायन नमूना आहरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए निरीक्षकों द्वारा नमूने राज क्यूसी एग्री एप के माध्यम से ऑनलाईन किया जायेगा।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले के आदान निरीक्षकों द्वारा विक्रेता के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण करते समय वैध अनुज्ञापत्र की जांच, गोदाम का अनुज्ञापत्र में सम्मिलित होना,विक्रय परिसर पर मूल्य सूची एवं स्टॉक स्थिति का दृश्य स्थान पर प्रदर्शन, स्टॉक रजिस्टर निर्धारित प्रपत्र में संधारण एवं अनुज्ञापत्र प्राधिकारी या अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित होना, स्टॉक रजिस्टर नवीनतम तिथि तक संधारण, स्टॉक रजिस्टर का बैलेन्स, परिसर में उपलब्ध माल समान होना,स्टॉक रजिस्टर एवं क्रय बिलों का मिलान,आदान विक्रय की बिल बुक निर्धारित प्रपत्र में संधारण एवं रसीद में आदान का पूर्ण विवरण समस्त कॉलम मय कृषक हस्ताक्षर अथवा अंगूठा निशानी में अंकित होने की जांच की जायेगी।

उन्होंने बताया कि किसी भी विक्रेता द्वारा अवधिपार, क्षितग्रस्त एवं अमानक बीज, उर्वरक व पौध संरक्षण रसायन विक्रय परिसर पर रखना एवं बेचना दण्डनीय अपराध है। यदि किसी विक्रेता के पास अवधिपार एवं क्षितग्रस्त तथा अमानक आदान हो तो संबंधित अनुज्ञापन पत्र/प्राधिकार पत्र जारी करने वाले अधिकारी को सूचित कर नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही करे। कई बार आदान विक्रेता आदान की पैकिंग पर छपे मूल्य सहित अन्य सूचनाओं को परिवर्तित कर देते हैं अथवा पैकिंग पर स्टिकर आदि लगाकर मूल्य आदि परिवर्तित कर देते हैं यदि ऐसा पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

जिले में उर्वरक, बीज व कीटनाशी निरीक्षक के 21 पद स्वीकृत है जिसमें से वर्तमान में 19 इंस्पेक्टर कार्यरत है जिसमें संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन,उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर सिंह राठौड़, सहायक निदेशक मुख्यालय किशन गोपाल जाट, सहायक निदेशक डॉ. धीरेन्द्र सिंह राठौड़, कृषि अधिकारी सामान्य रमेश चन्द चौधरी,कृषि अधिकारी मिशन सिद्धार्थ सोलंकी, कृषि अधिकारी प्रशिक्षण प्रियंका पारीक, कृषि अधिकारी फसल कजोड़ मल गुर्जर, उप परियोजना निदेशक मीना कुमारी, सहायक निदेशक उद्यान संतोष तंवर,कृषि अधिकारी उद्यान दिनेश सोलंकी, कृषि अधिकारी, उद्यान गोपाल लाल गुर्जर, सहायक निदेशक गुलाबपुरा ऊषा मीणा , सहायक निदेशक कोटड़ी प्रकाश चन्द खटीक, प्रभुलाल जाट, भगवत सिंह राणा, रामलाल बलाई, पप्पू लाल खटीक,रीचा बंशीवाल कृषि अधिकारी कार्यरत है।

पीएम 25 सितंबर को आएंगे बांसवाडा पूर्व सांसद ने उठाई मांग

डूंगरपुर (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 25 सितंबर को बांसवाडा जिले के छोटी सरवन क्षेत्र के नापला में आएंगे और हजारों करोड की न्यूक्लियर पॉवर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने बयान जारी कर मांग उठाई है कि प्रधानमंत्री वागड क्षेत्र में आ रहे है। हजारों करोड की विकास परियोजना की आधारशिला रखने वाले है। यही सही अवसर है कि पीएम मोदी हजारों जनजातियों की शहादत एवं बलिदान की धरा मानगढ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की घोषणा करें और धाम तथा जनजाति वर्ग को भरपुर सम्मान दिया जाएं।

भगोरा ने कहा कि नरेंद्र मोदी अपने दूसरे प्रधानमंत्री कार्यकाल में मानगढ धाम आएं थे।राजस्थान में सरकार कांग्रेस की थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मंच पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ थे। भारतीय जनता पार्टी ने उस वक्त समूचे प्रदेश और वागड में मानगढ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का वातावरण बनाया था, लेकिन मंच से तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मानगढ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग के बावजूद प्रधानमंत्री बिना घोषणा किए ही चले गए थे। हजारों की संख्या में एकत्रित जनजाति वर्ग के साथ वागड क्षेत्र के लोगों की उम्मीदें धराशायी हो गई थी। भाजपा के तत्कालीन प्रदेश स्तरीय नेताओं ने मानगढ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के नाम पर पीएम की सभा में भीड जुटाई थी, लेकिन पीएम मोदी उस वक्त धाम के विकास की बात का झुनझुना पकडा कर चले गए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान की सरकार मिलकर मानगढ धाम के विकास को लेकर काम करेगी, लेकिन इसके बाद धाम क्षेत्र के विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। राजस्थान में सत्ता परिवर्तन हुआ। डबल इंजन की सरकार बनी लेकिन, मानगढ धाम को याद नहीं किया गया। पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि मानगढ धाम को पहचान और विकास कांग्रेस पार्टी ने दी। कांग्रेस की सरकारों में मानगढ धाम के विकास के लिए भरपुर बजट मिला।

गत विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री मानगढ धाम आएं ,लेकिन राष्ट्रीय स्मारक की घोषणा नहीं की। पीएम मोदी मंच से तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत द्वारा उठाई गई राष्ट्रीय स्मारक की मांग को भांप गए थे,कि यदि राष्ट्रीय स्मारक की घोषणा की गई तो इसका श्रेय राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार और कांग्रेस को मिलेगा। तत्कालीन सीएम गहलोत की मांग को पूरा नहीं किया गया और अब तक मानगढ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा नहीं मिला है। पूर्व सांसद भगोरा ने बयान में कहा है कि करीब ढ ाई साल बाद प्रधानमंत्री पुनरू बांसवाडा जिले में आ रहे है।

वागडी भाषा कार्यशाला संपन्न

ँ(निसं)। राउमावि पुनर्वास कॉलोनी, सागवाडा के सभागार में वागडी भाषा पर चौथी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संयोजन दिनेश प्रजापति ने किया। इस कार्यशाला में डूंगरपुर बांसवाडा और उदयपुर के साहित्यकारों,वागडी प्रेमी और शोधार्थियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में भामाशाह राधेश्याम पाटीदार सेमलिया घाटा ने सहयोग दिया।कार्यशाला का मुख्य विषय था कारक और विभक्तियों और क्रियाओं पर चर्चा और वागडी भाषा में इनका सर्वमान्य वागडी शब्दों का प्रयोग कैसे करें।प्रथम सत्र में वागडी भाषा कार्यशाला संयोजक दिनेश प्रजापति ने चौथी कार्यशाला कार्यक्रम के निहितार्थ उद्देश्य व कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ गीतकार अनुवादक साहित्यकार उपेंद्र अणु ऋषभदेव विगत तीनों कार्यशालाओं का समेकन करते हुए। पुर्व में समझने के लिए दी गई क्रियाओं और वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश पंचाल के हिंदी कहानी के अंश को वागडी में अनुवाद कर लायें।

सुर संगम सिंगिंग म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने बांधा समां

■ गानों का सफलतापूर्वक कार्यक्रम दयाल प्रियानी के सानिध्य में आयोजित हुआ

अजमेर (कासं)। सुर संगम संगीत समूह के तत्वाधान में रविवार को होटल में आयोजित कार्यक्रम में गायक कलाकारों द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुतियां देकर समां बाधा दिया। गानों का सफलतापूर्वक कार्यक्रम दयाल प्रियानी के सानिध्य में आयोजित हुआ।

समूह के प्रकाश जेठरा ने बताया कि कार्यक्रम में कलाकारों ने 1990 के दशक के पुराने गानों की प्रस्तुतियों से समा बांध दिया और झूमने व नाचने लगे। इस अवसर पर ललित मिश्रा, विकास शर्मा, दयाल प्रियानी, प्रणय नंदी, भारती नंदी, कमल शर्मा, धर्मेंद्र केवलानी,दिलीप बच्चानी, प्रकाश जेठरा, किशन लालवानी,प्रकाश झमटानी, लक्ष्मण चेनानी, मंजू चेनानी,आज़ाद अपूर्वा, लक्ष्मी शर्मा, कुमकुम जैन, गुलाब खत्री प्रदीप गौड़, यज्ञदत्त शर्मा, अरविंद मिश्रा, पीएल खेतावत, विजयसिंह चौहान, मुकेश राजन, सुनील मनवानी, आसन बदलानी आदि कलाकारों ने एक से बढक़र एक प्रस्तुति देकर मंत्र मुग्ध कर दिया।

जनगणना में वेद नाई समाज की स्पष्ट पहचान जरूरी : सांखला

अजमेर (कासं)। अखिल भारतीय वेद नाई समाज की ओर से अजमेर में प्रदेश स्तरीय सामाजिक जागरुकता एवं चेतना (आमचौरासी) की बैठक का आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता पूर्व उपमहापौर संपत सांखला ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब जनगणना में वेद नाई समाज की स्पष्ट पहचान दर्ज हो। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज समाज को अलग अलग नामों से जाना जाता है, जिससे सही आंकड़े सामने नहीं आ पाते और परिणामस्वरूप समाज को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। सांखला ने कहा कि वेद नाई समाज का पंजीकरण (श्वेद नाई समाज) के नाम से है, इसलिए आगामी जनगणना के दौरान समाजबंधु एकजुट होकर यही नाम लिखवाएँ। इससे समाज की वास्तविक संख्या सामने आएगी और भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में समाज को विशेष लाभ सुनिश्चित हो सकेगा। बैठक में अन्य वक्ताओं ने समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, रोजगार और नशामुक्ति जैसे विषय अपने विार रखे। बैठक में कार्यक्रम अध्यक्ष बाबूलाल किशनगढ़, कालूराम मकराना, मनोहर लाल उदयपुर, उमाशंकर टोंक, चेतन कोटा व अजमेर से अशोक कच्छावा, जुगल किशोर, पारसमल, दुर्गाप्रसाद, संचालन रामरत्न सोनगरा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष संदीप कच्छावा, पूर्व अध्यक्ष महेश सांखला, उमेश सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रहित

बिजयनगर (निसं)। क्षेत्र के प्रमुख शक्तिपीठ बाड़ी माता मंदिर परिसर में दिवंगत सोनू पांडया की पुण्य स्मृति में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर से101 यूनिट रक्त संठाहित किया गया । रक्तदान शिविर की शुरुआत में रक्तदाता कैलाश शर्मा जालिया सेकंड ने 59 वी बार रक्तदान कर अधिक से अधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा के द्वारा नि:शुल्क नेत्र, ब्लड शुगर, श्वास दमा की जांच की गई। शिविर में बंटी पांड्या, विश्व हिंदू परिषद से धनराज कावड़िया, ज्ञानचंद बाफना, सुनील कावड़िया,ओम प्रकाश पांड्या, पूर्व सरपंच धर्मी चंद व्यास, रतनलाल पांड्या, गोपाल तिवाड़ी, प्रद्युम्न व्यास, कुणाल मिश्रा, जगदीश तिवाड़ी, चारभुजा हॉस्पिटल से डॉ. नितिन दरगड, रामस्वरूप मेवाड़ा राम गोपाल पुरोहित और राकेश मेवाड़ा गागेडा,राजू जोशी ,अनिल पांड्या, नानूराम अज्ञाल ,आशीष व्यास, कृष्ण पंडित, देवेंद्र पांड्या,मनोज पांड्या, गिरधारी व्यास,भवानी सिखवाल शिविर के प्